वर्षः- 06
अंकः- 14
मुरादाबाद
(Tuesday)
05 May 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीतः मोदी बोले जनशक्ति की विजय, शाह ने कहा- भय और तुष्टीकरण पर करारा प्रहार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे जनता के भरोसे, सुशासन और कार्यकर्ताओं के संघर्ष की जीत कहा। मोदी ने इसे जनशक्ति और विकास की राजनीति की जीत बताते हुए राज्य के सपनों को पूरा करने का भरोसा दिया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर खुशी जताई है। पीएम मोदी ने एक्स पर कई पोस्ट किए हैं, जिसमें उन्होंने लिखा- पश्चिम बंगाल में कमल खिल उठा!

पश्चिम बंगाल विधानसभा के 2026 के चुनाव हमेशा याद रखे जाएंगे। जनता की शक्ति की जीत हुई है और भाजपा की सुशासन की राजनीति विजयी हुई है। मैं पश्चिम बंगाल के प्रत्येक नागरिक को नमन करता हूं। जनता ने भाजपा को शानदार जनादेश दिया है और मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि हमारी पार्टी पश्चिम बंगाल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। हम ऐसी सरकार प्रदान करेंगे जो समाज के सभी वर्गों को अवसर और सम्मान सुनिश्चित करे।पीएम मोदी ने एक दूसरे पोस्ट में लिखा- पश्चिम बंगाल में भाजपा की रिकॉर्ड तोड़ जीत पीढ़ियों से अनगिनत कार्यकर्ताओं के प्रयासों और संघर्षों के बिना संभव नहीं होती। मैं उन सभी को सलाम करता हूं। वर्षों से उन्होंने जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत की है, हर तरह की कठिनाइयों का सामना किया है और हमारे विकास एजेंडे के बारे में बात की है। वे हमारी पार्टी की ताकत हैं।शाह बोले- ज्ञस्ष्ट के भय पर मोदी के भरोसे की जीत
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुशी जताते हुए एक्स पर कई पोस्ट किए हैं। जिसमें उन्होंने लिखा- बंगाल की जनता को कोटि-कोटि नमन यह प्रचंड जनादेश भय, तुष्टीकरण और घुसपैठियों के संरक्षकों को बंगाल की जनता का करारा जवाब है। यह टीएमसी के %भय के ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर %भरोसे% की जीत है। मेरे जैसे हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए यह गर्व का क्षण है कि गंगोत्री में मां गंगा के उद्गम से लेकर गंगासागर तक आज हर जगह भाजपा का भगवा ध्वज शान से लहरा रहा है।
त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम- शाह उन्होंने आगे लिखा- बंगाल में भाजपा को मिली यह ऐतिहासिक जीत हमारे असंख्य कार्यकर्ताओं के त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। यह उन परिवारों के धैर्य की जीत है, जिन्होंने हिंसा सहकर भी भगवा ध्वज नहीं छोड़ा। भाजपा की शून्य से आज प्रचंड बहुमत तक पहुंचने की इस कठिन यात्रा में जिन कार्यकर्ताओं ने अपने प्राणों की आहुति दी, हिंसा झेली, यातनाएं सहीं और फिर भी विचारधारा के पथ से डिगे नहीं, उन सभी कार्यकर्ताओं और उनके परिजनों को नमन करता हूं। बंगाल की जनता ने इस प्रचंड बहुमत से भाजपा के उन सभी शहीद कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी है। इस ऐतिहासिक विजय के लिए मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और बंगाल के कोने-कोने में डटे हर एक कार्यकर्ता को बधाई देता हूं।
घुसपैठियों और उनके हितैषियों को सिखाया सबक- शाह बंगालवासियों ने घुसपैठियों और उनके हितैषियों को ऐसा सबक सिखाया है, जिसे तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टियां कभी भूल नहीं पाएंगी। बंगाल ने जिन आशाओं और आकांक्षाओं के साथ मोदी जी के नेतृत्व पर यह विश्वास जताया है, हम निश्चित रूप से उन्हें पूरा करेंगे। चैतन्य महाप्रभु, स्वामी विवेकानंद, कविगुरु टैगोर, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों की पावन भूमि बंगाल का खोया गौरव लौटाने और सोनार बांग्ला के स्वप्न को साकार करने के लिए भाजपा दिन-रात एक कर देगी। पश्चिम बंगाल की देवतुल्य जनता का आभार- नितिन नवीन इस बीच भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने एक्स पर पोस्ट किया है। पश्चिम बंगाल की देवतुल्य जनता को इस ऐतिहासिक जनादेश के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद, आभार एवं अभिनंदन। चैतन्य महाप्रभु , स्वामी विवेकानंद और हमारे पथप्रदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी महान विभूतियों की यह पावन धरा अब शांति, समृद्धि और सुशासन के एक नए युग की साक्षी बनेगी। यह विजय पश्चिम बंगाल की अस्मिता, संस्कृति और गौरव की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम %सोनार बांग्ला% के संकल्प को साकार करने और राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्णतः समर्पित हैं। आइए, हम सब मिलकर एक सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध बंगाल का निर्माण करें।
बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक महाविजय- जेपी नड्डा वहीं पूर्व भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे जनता के विश्वास और बदलाव की जीत बताया है। जेपी नड्डा ने कहा कि यह परिणाम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए भावनात्मक और ऐतिहासिक क्षण है। उनके अनुसार पश्चिम बंगाल में मिली यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश राज्य में बदलाव की इच्छा को दर्शाता है। लोगों ने विकास और सुशासन के पक्ष में मजबूत फैसला लिया है। जेपी नड्डा ने इस जीत के लिए पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व सहित बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। साथ ही पश्चिम बंगाल की जनता का आभार भी व्यक्त किया गया।

## राहुल ने ममता-स्टालिन से की बात, चुनाव नतीजों पर चर्चा; टीवीके के प्रदर्शन पर विजय को बधाई भी दी

राहुल गांधी ने चुनाव नतीजों के बाद ममता बनर्जी और एम.के. स्टालिन से फोन पर बातचीत की। उन्होंने तमिलनाडु में टीवीके के प्रदर्शन पर विजय को बधाई दी और केरल में यूडीएफ की जीत पर आभार जताया।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाल ही में आए पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के बाद तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन और टीवीके प्रमुख विजय से फोन पर बातचीत की। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने जानकारी देते हुए बताया कि राहुल गांधी ने चुनाव परिणामों पर चर्चा की और टीवीके के प्रदर्शन के लिए विजय को बधाई भी दी।जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि राहुल गांधी ने ममता बनर्जी और एम.के. स्टालिन से चुनाव नतीजों को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने टीवीके प्रमुख विजय को उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दीं। इस चुनाव में पश्चिम बंगाल में टीएमसी को भाजपा के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जबकि तमिलनाडु में डीएमके को नए राजनीतिक दल टीवीके से चुनौती मिली। कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ा, वहीं तमिलनाडु में डीएमके के साथ गठबंधन में हिस्सा लिया।केरल में यूडीएफ की जीत पर राहुल गांधी का संदेश राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक भावुक संदेश साझा करते हुए केरल की जनता का धन्यवाद किया। उन्होंने लिखा कि केरल के लोगों ने एक स्पष्ट और निर्णायक जनादेश दिया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा %केरल की मेरी बहनों और भाइयों का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने एक मजबूत जनादेश दिया। हर यूडीएफ नेता और कार्यकर्ता को कठिन और सुव्यवस्थित चुनाव अभियान के लिए बधाई।% राहुल गांधी ने आगे कहा कि केरल में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है और अब राज्य में यूडीएफ सरकार एक नई दृष्टि के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने यह भी लिखा कि वे जल्द ही केरल परिवार से मिलने के लिए उत्सुक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राजनाथ सिंह बोले : डिफेंस की तरह नॉलेज कॉरिडोर करें तैयार, नई टेक्नालॉजी से सैन्य क्षेत्र में सशक्त बनेगा भारत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सैन्य क्षेत्र में भारत को सशक्त बनाने के लिए डिफेंस कॉरिडोर की तरह नॉलेज कॉरिडोर तैयार करें। ताकि उससे सीखकर हम आगे बढ़ सकें और देश और सैन्य क्षेत्र और में सशक्त कर सकें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सैन्य क्षेत्र में भारत को सशक्त बनाने के लिए डिफेंस कॉरिडोर की तरह नॉलेज कॉरिडोर तैयार करें। ताकि उससे सीखकर हम आगे बढ़ सकें और देश और सैन्य क्षेत्र और में सशक्त कर सकें। भारत की सैना हर मुश्किल का सामना करना में पूरी तरह से सक्षम है इसमें कोई संदेह नहीं है। उसका उदाहरण देश ने ऑपरेशन सिंदूर में देखा। न्यू कैंट में आयोजित रक्षा त्रिवेणी संगम सिम्पोजियम 2026 के उद्घाटन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।रक्षा मंत्री ने कहा कि हमे ऐक्टिव नहीं प्रो एक्टिव रहने की जरूरत है। डिफेंस के क्षेत्र में चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। दुश्मन हम पर हावी न हो सके इसलिए हम प्रो ऐक्टिव रहने की जरूरत है। हमें अपनी क्षमता विकसित करनी चाहिए। लहाज से हमें समय के साथ बदलने की जरूरत है और नई और अत्याधुनिक तकनीकि के माद्यम से आगे बढ़ने की जरूरत है। यह सिद्धांत बिल्कुल सत्य है कि जो समय के साथ चलेगा वही आगे रहेगाा। नई तकनीकी को आत्मसात करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सिस्टम को मजबूत करने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जा रहा है।

## ऊर्जा मंत्री का बड़ा फैसला- प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर व्यवस्था हुई खत्म, 3.5 करोड़ उपभोक्ताओं को राहत

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने एक बड़ा फैसला लेते हुए बिजली के प्रीपेड मीटर की व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म कर दिया। प्रदेश में सोमवार को बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी गई है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर की व्यवस्था पूरी तरह से खत्म कर दी गई। जिन उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगे हैं, वे भी पोस्टपेड की तरह ही काम करेंगे।ऊर्जा



मंत्री एके शर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं की लगातार शिकायतें मिली रही थीं। विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट /प्रीपेड मीटर से आ रही तकनीकी दिक्कत के मद्देनजर फैसला लिया गया है कि सभी उपभोक्ताओं का स्मार्ट मीटर सामान्य पोस्ट-पेड मीटर की तरह ही कार्य करेगा। जैसे ही उपभोक्ता पहले मासिक बिल भरते थे वैसे ही हर माह की एक से 30 तारीख तक का बिल अगले दस दिन में एसएमएस या ह्वाट्सऐप पर भेजा जाएगा। बिल मिलने के बाद दी गई समय सीमा में उपभोक्ता को बिल जमा करना होगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने फोन नंबर नहीं दर्ज कराया है वे तत्काल दर्ज करा लें और बिजली विभाग से आने वाले संदेश संदेश को ध्यान दें। ऊर्जा मंत्री ने कहा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी दशआ में माह के अंदर बिजली नहीं काटें। जिन उपभओक्ताओं का पहले से बकाया है, वे 10 किस्तो में भुगतान कर सकेंगे। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने एक्स पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर का फैसला वापस लेने संबंधी जानकारी देते हुए देवो भवः की बात कही और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को नमन किया। मुख्यमंत्री ने जताई थी नाराजगी- प्रदेश में 3.5 करोड़ उपभोक्ता हैं। करीब 87 लाख के यहां स्मार्ट मीटर लगाए गए, जिसमें 75 लाख के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद प्रदेशभर के उपभोक्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उपभोक्ताओं का आरोप था कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर तेज चल रहा है। अचानक बिजली कट जाती है। बिजली कटने पर उपभोक्ता रिचार्ज करते हैं और रिचार्ज करने के बाद भी तत्काल आपूर्ति शुरू नहीं होती है। इतना ही नहीं लोकसभा में केंद्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टू ने भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य नहीं होने की जानकारी दी थी। विद्युत नियामक प्राधिकरण ने भी संशोधित अधिसूचना जारी कर दी थी। इसके बाद भी प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे थे। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में तकनीकी कमेटी बनाने और जांच कराने का निर्देश दिया था। चार सदस्यीय कमेटी बनाई गई, लेकिन 10 दिन में कमेटी रिपोर्ट नहीं आ पाई। उपभोक्ता परिषद की लड़ाई रंग लाई, सीएम का आभा- स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगना शुरू होते ही राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने विरोध शुरू किया। उन्होंने नियामक आयोग में याचिकाएं लगाईं।

## तमिलनाडु में TVK का होगा विजय तिलक, पिता ने कांग्रेस समेत कई दलों को दिया ऑफर

तमिलनाडु चुनाव परिणाम के बीच सियासी हलचल तेज हो गई है। अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके को लेकर एस.ए चंद्रशेखर ने कांग्रेस समेत अन्य दलों से बड़ा गठबंधन करने की अपील की है।तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के वोटों की गिनती के बीच, प्रारंभिक रुझानों ने राज्य की राजनीति में एक बड़ा उलटफेर कर दिया है। अभिनेता विजय थलपति की नवगठित राजनीतिक पार्टी, तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) ने शुरुआती रुझानों में 109 सीटों पर बढ़त बनाकर सभी को चौंका दिया है। इस प्रभावशाली प्रदर्शन के सामने, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (ष्ठरूद्य) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (ढ्डष्ठरूद्य) जैसी स्थापित पार्टियां काफी पीछे नजर आ रही हैं। पिता का बड़ा आह्वान- विजय के साथ जुड़ें, सत्ता वापस पाएं- टीवीके के मजबूत प्रदर्शन के बीच जाने-माने फिल्म निर्देशक और विजय थलपति के पिता एस.ए चंद्रशेखर ने राजनीतिक दलों से एक महत्वपूर्ण आह्वान किया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान, उन्होंने उन पार्टियों, विशेषकर कांग्रेस जैसी, जिन्होंने अपनी राजनीतिक जमीन खो दी है, से विजय की पार्टी के साथ गठबंधन करने का आग्रह किया। चंद्रशेखर का मानना है कि विजय के नेतृत्व में गठबंधन करने से ये पार्टियां अपनी खोई हुई सत्ता को वापस पा सकती हैं।जनता का असंतोष और बदलाव की चाह- एस.ए. चंद्रशेखर ने कहा कि ज्ञङ्कच को जनता का मिल रहा समर्थन इस बात का स्पष्ट



संकेत है कि लोग मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था से असंतुष्ट हैं और एक नए विकल्प की तलाश में हैं। उनके अनुसार, टीवीके की ओर जनता का झुकाव केवल एक पार्टी के प्रति समर्थन नहीं, बल्कि जनता के गुस्से और बदलाव की प्रबल इच्छा को भी दर्शाता है। लोग अब पारंपरिक पार्टियों से हटकर एक नई और युवा राजनीतिक शक्ति की ओर आकर्षित हो रहे हैं। अभिनेता से नेता तक का सफर- विजय थलपति के राजनीतिक सफर पर प्रकाश डालते हुए, उनके पिता ने कहा कि जनता ने उन्हें केवल एक अभिनेता के रूप में ही नहीं, बल्कि एक नेता के रूप में भी स्वीकार किया है। उन्होंने दावा किया कि विजय ने राजनीति में अत्यंत नेक इरादों के साथ कदम रखा है। विशेष रूप से, युवाओं ने उनकी पार्टी की विचारधारा और वादों को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, जो भविष्य के लिए एक मजबूत संकेत है। जनता के दिलों में %अन्ना% के रूप में विजय- एएनआई से बात करते हुए, एस.ए. चंद्रशेखर ने विजय की लोकप्रियता और जनता से जुड़ाव पर विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि पिछले 30 वर्षों से विजय के मन में तमिल लोगों के लिए कुछ करने की भावना थी, जिस पर उन्होंने धीरे-धीरे काम किया। आज, रुझान संकेत दे रहे हैं कि वह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बन सकते हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि तमिल लोग विजय को सिर्फ एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। महिलाएं उन्हें अपने बेटे के समान प्यार करती हैं, युवा उन्हें अपना भाई (%अन्ना%) मानते हैं, और बुजुर्ग महिलाएं भी उन्हें अपने पोते के समान स्नेह देती हैं। विजय ने जनता के साथ एक ऐसा गहरा रिश्ता बनाया है जो उन्हें खास बनाता है।

## संपादकीय Editorial

# The Congress Pledge

The upcoming local body elections will reveal how skilled and independent the district presidents of the Congress party are at the Kangra workshop. Are senior party leaders willing to embrace the idealism Rahul Gandhi has cultivated by mentoring the 62 district presidents of Punjab, Jammu and Kashmir, and Himachal Pradesh? From the organization to the polling booths, the Congress faces challenges against a party like the BJP, where daily strategic announcements are prepared, and election rehearsals are prepared during the coronation of the Panna Pramukhs. In fact, the Congress party's existence is obscured by the weight of its leaders rather than its workers, preventing it from observing the grassroots. It's surprising when victorious MLAs and ministers become VIPs and are forced to stare at the stage in political circles. Rahul Gandhi undoubtedly prepared a pledge document based on success stories, but to make the party worthy of its 24-hour efforts, its methods will have to be changed. Clearly, the Kangra pledge will be seen in Punjab, Jammu and Kashmir, and Himachal. If workers receive respect in the local body elections in Himachal, the party will be successful, otherwise it will have an impact on preparations for the upcoming assembly elections. Similarly, in the maze of the Punjab assembly elections, the Congress will have to reach out to the villages and farms to demonstrate its strength. As for Himachal, efforts to convey the government's economic difficulties to the people of the state have not yet proven effective, while the opposition BJP appears to be making every effort to corner the government on every front. There is no doubt that the Congress government in Himachal Pradesh took several major decisions, holding up numerous mirrors of the economic reality, which will be needed by every future government. The Sukhu government took some important, some systemic, decisions towards Himachal's self-respect and self-reliance, but these were not actively presented to the public at the party level. Many shortcomings emerged from the previous government's approach, but the Congress failed to raise a single major theme or issue. In such a situation, will the strategy emanating from Kangra become the propaganda mechanism for its own government? Ultimately, it remains to be seen how the Congress party translates Rahul Gandhi's platform messages into action at the grassroots level. If Rahul Gandhi is instructing the ruling party to go among the people and resolve problems, then it's essential to first understand the role of the government's zeal and the Revenue Department's proactive handling of thousands of cases like inheritances. If party workers can establish a shrine for the government's decisions in the hearts of the public, the spirit of Kangra will spread from there; otherwise, all ideals will crumble on the stage itself. However, the Congress party needs to perform a miracle in the local body elections, especially the municipal corporation elections. These elections in Dharamshala, Palampur, Solan, and Mandi are not just municipal elections, but also the administrative model of the Congress government. In this context, if the party's policies, guidelines, public outreach, empathy, and potential are to be reflected through the councilors, the Kangra content must be promoted. Whether Rahul Gandhi's message will resonate in these elections remains to be seen.

# Bihar Legislative Council By-Election: Samrat Chaudhary Hits Two Birds With One Stone

In the run-up to the 2025 Bihar Legislative Assembly Elections, Upendra Kushwaha had exerted tremendous pressure on the BJP high command by demanding 10 to 15 seats, highlighting the importance of the Kushwaha vote in Bihar politics. By filing Surya Kumar Sharma, also known as Arvind Sharma, for the Bihar Legislative Council by-election, Chief Minister Samrat Chaudhary has hit two birds with one stone. Voting for this seat, vacated by Mangal Pandey, will take place on May 12th. In fact, there are two leaders from the Kushwaha caste in the NDA in Bihar: Chief Minister and BJP leader Samrat Chaudhary and Rashtriya Lok Morcha National President and Rajya Sabha MP Upendra Kushwaha. This situation can be described as two swords in one sheath. In the run-up to the 2025 Bihar Legislative Assembly Elections, Upendra Kushwaha had exerted tremendous pressure on the BJP high command by demanding 10 to 15 seats, highlighting the importance of the Kushwaha vote in Bihar politics. However, the BJP high command had given five seats to the Rashtriya Lok Morcha. When the BJP high command gave the green light to the Hindustani Awam Morcha to contest six seats, Upendra Kushwaha once again expressed his displeasure, and the BJP allowed him to contest six seats as well. During the formation of the Nitish Kumar cabinet, Upendra Kushwaha once again surprised everyone by playing a trick. Instead of making his wife, Snehlata, an MLA, or his winning MLAs a minister, he made his son Deepak Prakash a minister. This sparked a rebellion from three party MLAs. Upendra Kushwaha made his son Deepak Prakash a minister because he is not a member of either house. Therefore, he would receive an additional MLC seat to retain his ministerial position. Deepak is currently not a minister due to the dissolution of the Nitish Kumar cabinet. On the advice of Samrat Chaudhary, the BJP has further compounded Upendra Kushwaha's difficulties by nominating Surya Kumar Sharma, also known as Arvind Sharma, to the Legislative Council. Kushwaha may now be forced to merge his party with the BJP, considering his son's interests. Upendra Kushwaha is also under pressure from the BJP to do so. In fact, the BJP was tolerating Upendra Kushwaha for the Kushwaha vote bank and was also troubled by his pressure politics. Now, the BJP has found a prominent leader from the Kushwaha caste in Samrat Chaudhary. He has killed another victim with a single shot, killing former Deputy Chief Minister Vijay Kumar Sinha. Given the caste politics, this has also completely complicated the future political career of Vijay Sinha, who belongs to the Bhumihar caste. Both Samrat Chaudhary and Vijay Sinha were Deputy Chief Ministers in the Nitish Kumar government. From the very beginning, there was a rift between the two, both in the Assembly and in public. Sitting next to Nitish Kumar or walking with him was a common sight. This can be gauged from the relationship between Samrat Chaudhary and Vijay Sinha. Upon becoming Chief Minister, Samrat Chaudhary reduced Vijay Sinha's security, downgrading it from Z+ to Z category. Samrat Chaudhary also overturned Vijay Sinha's decision. He revoked the suspension of 224 revenue employees, whom Sinha had suspended two and a half months earlier while he was Revenue Minister. He also replaced the Principal Secretary of the Revenue and Land Reforms Department. When choosing a leader, Vijay Sinha was required to propose the nomination. Vijay Sinha did propose the nomination, but he did not forget to mention that he had been asked to do so. Both Deputy Chief Ministers in Samrat Chaudhary's cabinet belong to the JDU. However, Vijay Kumar Chaudhary, also from the Bhumihar caste, is the Deputy Chief Minister of the JDU. In the expansion of Samrat Chaudhary's cabinet, Vijay Sinha can only become a minister, not a Deputy Chief Minister. In such a situation, would Vijay Sinha even want to become a minister? Now, Surya Kumar Sharma, also known as Arvind Sharma, could be a strong contender for the ministerial position from the Bhumihar quota.

# Nari Shakti Vandan and the Political Future of the Hills

The delimitation formula associated with the Nari Shakti Vandan Bill poses a major challenge for Uttarakhand. If the state's assembly seats are increased from 70 to 105, the population-based distribution appears to be biased against the hills. The Nari Shakti Vandan Act has created a highly complex and contradictory situation in Uttarakhand's current political discourse. The recent special session of the Uttarakhand Assembly has further intensified the political debate, which simultaneously supports women's empowerment and expresses concerns about the hidden dangers of delimitation. While a historic step is being taken to empower women, the invisible sword of delimitation looms large, potentially weakening the political foundation of Uttarakhand's mountainous existence. The state's greatest crisis is that a potential delimitation under the guise of reservation could shift the center of political power in the hills to the plains.

Power imbalance and the mathematics of delimitation - The delimitation formula associated with the Nari Shakti Vandan Bill presents a significant challenge for Uttarakhand. If the state's assembly seats are increased from 70 to 105, the population-based distribution appears to be biased against the hills. Until now, a fixed standard of "variation" has been used to allocate seats. Previously, an average population of 100,000 was set as the standard for one seat, with a 10% deviation allowed. Under this standard, one seat was allocated for every 110,000 population in the plains and one seat for every 90,000 population in the hills. However, given the current population imbalance, this 10% difference is proving insufficient to protect the hills' seats. Demand for a 25% deviation and regional concerns - In light of this crisis, a massive campaign is being launched by social activists and experts like Jyot Singh Bisht. They demand that for a state with diverse geographical conditions like Uttarakhand, this variation limit should be increased from 10 percent to 25 percent.

If this standard is adopted, seats in the hills with low populations will also receive constitutional protection, and seats in the hilly regions will not be reduced even after delimitation. This demand has become not merely political but an essential condition for preserving the existence of the hills, so that the "arithmetic of ends" based on population does not politically displace the geography of the hills. Geography vs. Population: A Complex Challenge - The state of Uttarakhand was formed not for general administrative convenience, but with the specific conditions of the hills in mind. During the special session of the Assembly, the argument that the basis for delimitation should not be based solely on the 2011 or 2027 census emerged prominently. The opposition and regional experts believe that "geographical conditions" must be prioritized in Uttarakhand. While an MLA in the plains can easily reach millions of people, in the mountains, a representative has to represent hundreds of kilometers of inaccessible and fragmented geography. If population alone is the basis, the mountain representation will become a minority in the House. The impact of migration and political displacement—the people of the mountains are facing a double punishment for their "sacrifice" and "compulsion." The people who were forced to migrate due to lack of facilities are now being stripped of their political identity by using the population decline resulting from that migration as a basis. This is an attack on the very concept of a "mountain state" for which enormous sacrifices were made during the statehood movement. The purpose of women's reservation is to give women participation in power, which is a commendable step. However, if its guise eliminates geographical representation, the mountain people will lose the power to decide on issues specific to the mountains, such as land laws and rights to resources. Existential protection and collective responsibility—the people of Uttarakhand must understand that the benefits of women's reservation are meaningful only if it does justice to the geographical peculiarities of the state. If delimitation does not give equal weight to 'Himalayan geography' and 'standard of deviation' as to population, Uttarakhand will appear as a mountainous state only on the map, while its political soul will have succumbed to the pressure of the plains. Now is the time to ensure, with the state's future in mind, that development and representation policies are based not merely on statistics, but on the pulse of the mountains and their difficult conditions. If a concrete debate against this political displacement is not raised today, future history will never forgive us for this silent 'sacrifice'.

# पत्नी और चार बच्चों का कत्ल: बिलारी के रजानगर में सिर्फ चीखें ही चीखें, एक सवाल- नाजिम को क्यों नहीं आया रहम

बिलारी के रजानगर में गुरुग्राम से मां और चार बच्चों के पांच शव पहुंचने पर पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। देर रात सभी के जनाजे एक साथ उठे और शुमाली कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।जहां परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन रहा।बिलारी मोहल्ला रजानगर के लिए रविवार की रात कयामत की रात बनकर आई। जैसे ही गुरुग्राम से एक परिवार के पांच शव पहुंचे तो रजानगर

ही नहीं लगभग पूरा शहर उमड़ पड़ा। एक मां और उसकी चार मासूम संतानों के शवों को देखते ही परिजनों की चीखें गूंजने लगीं तो पूरे मोहल्ले के महिला-पुरुषों की रुलाई फूट गई। किसी के चेहरे पर गम था तो किसी के गुस्सा लेकिन मन में एक ही सवाल कि हेयर सैलून संचालक नाजिम इतना बेरहम कैसे हो गया कि प्रेम संबंधों में अपने पहले पति को छोड़कर कोर्ट मैरिज करने वाली नाजमा और बच्चों इकरा, शिफा, आयान और खदीजा नूर की जान ले ली।रात करीब 9.30 बजे पांचों शव शाहबाद रोड स्थित मोहल्ला रजानगर पहुंचे तो जिसने सुना उधर दौड़ पड़ा। चीख-पुकार और चीत्कार के बीच रात करीब 11 बजे पांचों जनाजे साथ उठे तो चीखों की आवाज और तेज हो गई। बिलारी के शुमाली स्थित कब्रिस्तान में पांचों को दफन किया गया। नाजिम के घर से लेकर कब्रिस्तान तक लोगों के सिर ही सिर दिखाई दे रहे थे।घर से उठतीं महिलाओं की चीखें थमने का नाम नहीं ले रही थीं। देर रात तक जमा भीड़ में शामिल आसपास की महिलाएं व रिश्तेदार बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाने की कोशिशें करते रहे। तमाम शहरियों और विधायक फहीम इरफान ने भी गम में घिरे परिवार का दुख बांटने की कोशिश की लेकिन परिजनों की बहती आंखें सूख नहीं पा रही थीं। नाजिम की वृद्ध मां परवीन और वृद्ध पिता नबावजान रोते-रोते बेसुध हो जा रहे थे।हेयर सैलून चलाते हैं सभी छह भाई मोहल्ला रजानगर के निवासी नवाबजान का बेटा नाजिम (33) गुरुग्राम के वजीरपुर में किराये के मकान में पत्नी व चार बच्चों के साथ रहता था। गुरुग्राम के एक अन्य गांव में वह हेयर सैलून चलाता था। उसके अन्य पांच भाई भी सैलून चलाते हैं। नाजिम इनमें दूसरे नंबर का है। नाजिम से बड़े भाई आसिम और छोटे भाई सलमान की शादी हो चुकी है। नाजिम के तीन सगे छोटे भाई जीशान, अरमान और रानू अभी अविवाहित हैं। यह तीनों एक साथ वजीरपुर (गुरुग्राम) में किराये के मकान में रहते हैं।पोती-पोते का फोन पर हालचाल लेती रहती थीं बुजुर्ग परवीन- नाजिम के बड़े भाई आसिम के अनुसार उसकी मां परवीन नाजिम की तीनों बेटियों और बेटे से काफी प्यार करती थीं। वह ईद व अन्य मौकों पर फोन करके नाजिम को सपरिवार बिलारी बुलाती थीं। पोते-पोतियों का फोन पर हाल जानती रहती थीं।मामा ने बताया कि नशे का आदी है, घर के खर्च में आने लगी थी दिक्कत- नाजिम के सगे मामा पूर्व सभासद सखावत सलमानी ने बताया कि नाजिम वजीरपुर में रहने के दौरान कई वर्ष से नशा करने लगा था। नशा की वजह से उसकी पत्नी नाजमा से अनबन रहने लगी। बड़े भाई ने भी माना कि उसका अक्सर पत्नी से विवाद होता था। नशे की आदत बढ़ जाने से नाजिम को परिवार का खर्च उठाने में भी समस्या आने लगी थी।16 साल पहले नाजिम ने दिल्ली में नाजमा से की थी कोर्ट मैरिज- नाजिम के बड़े भाई आसिम ने बताया कि 16 साल पहले जब नाजिम दिल्ली में एक सैलून पर काम करता था तभी उसने नाजमा से मोहब्बत के बाद कोर्ट मैरिज की थी। वह पहले से शादीशुदा थी। नाजिम ने घरवालों को बताए बिना कोर्ट मैरिज की थी। नाजिम अपनी पत्नी नाजमा को लेकर कभी कभार ही रिश्तेदारों की शादी जैसे मौकों पर बिलारी आता था।रामपुर का है परिवार, 25 साल पहले बिलारी में बसे थे  नाजिम की बिलारी के मोहल्ला रजानगर में ननिहाल है। नाजिम के सगे मामा सखावत हुसैन सलमानी नगर पालिका बिलारी के पूर्व सभासद हैं। नाजिम का परिवार मूल रूप से रामपुर जिले के थाना पटवाई अंतर्गत नबावगंज गांव का रहने वाला है। नवाबगंज में कोई काम न मिलने की वजह से नाजिम की मां परवीन अपने पति और बच्चों को लेकर मायके बिलारी आ गई थीं। बेटों ने काफी साल पहले रजानगर में मिलकर प्लॉट खरीद लिया था और अपना पक्का मकान बनाया।बिलारी के युवक ने गुरुग्राम में की पत्नी व चार बच्चों की गला दबाकर हत्या- बिलारी के एक व्यक्ति ने हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार देर शाम अपनी पत्नी और चार बच्चों की गला दबाकर हत्या कर दी। आशंका जताई जा रही है कि उसने हत्या से पहले पत्नी व बच्चों को जहरीला पदार्थ भी दिया था। हत्या के बाद आरोपी ने चाकू से अपना गला व हाथ काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। पांच लोगों की हत्या का यह सनसनीखेज मामला गुरुग्राम सेक्टर-10 पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले वजीरपुर गांव का है। मामला घरेलू कलह का बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतकों के गले पर दबाने के निशान मिले हैं। पुलिस ने आरोपी नाजिम (35) के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। नाजिम मुरादाबाद के बिलारी का रहने वाला है। वह पत्नी और बच्चों के साथ पिछले छह महीने से वजीरपुर गांव में किराये के मकान में रह रहा था।नाजिम गढ़ी हरसरू गांव में सैलून चलाता है। मृतकों की पहचान 31 वर्षीय नाजमा (पत्नी), इकरा (13), शिफा (11), आयान (7) व खदीजा नूर (6) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, नाजिम का भाई जीशान खाना खाने के लिए कमरे पर पहुंचा तो भाभी व बच्चों को मृत अवस्था में पाया। सभी के मुंह से झाग निकल रहे थे।जबकि नाजिम लहूलुहान हालत में था। घटना की सूचना मिलने पर रात करीब 9 बजे पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) करण गोयल और एसीपी नवीन शर्मा मौके पर पहुंचे। बाद में एफएसएल, फिंगरप्रिंट व सीन ऑफ क्राइम की टीमें भी वारदात वाली जगह पहुंचीं। पुलिस उपायुक्त गोयल ने बताया कि आरोपी का सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जाएगी।बिलारी से जाकर किराये पर रह रहा था आरोपी नाजिम- मोहम्मद नाजिम मूलरूप से मुरादाबाद के बिलारी का रहने वाला है। करीब छह माह पहले ही गुरुग्राम के वजीरपुर गांव में किराये पर कमरा लिया था और गढ़ी हरसरू में खुद का सैलून चलाता है। बताया जा रहा है कि ओडिशा की रहने वाली नाजमा की यह दूसरी शादी थी। पहली शादी से बड़ी बेटी इकरा थी। मोहम्मद नाजिम से शादी के बाद नाजमा को दो बेटी शिफा, खदीजा व बेटा आयान हुए।नाजमा अपने चाचा के घर पर दिल्ली-नोएडा सीमा स्थित न्यू अशोक नगर में रहती थी। नाजिम भी वहीं पास ही सैलून में काम करता था। न्यू अशोक विहार में रहने के दौरान ही नाजमा व नाजिम की मुलाकात हुई थी और दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए थे। बताया जा रहा है कि उस समय नाजमा की शादी हो चुकी थी व एक बेटी भी थी। वहीं, नाजिम की शादी नहीं हुई थी। इसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया तो नाजमा के परिवार वालों ने विरोध किया।प्रारंभिक तौर की जांच में सामने आया है कि आरोपी के घर में कोई अंदरूनी कलह चल रही थी, जिस कारण उसने यह कदम उठाया है। आरोपी से पूछताछ के बाद ही मामले में सही जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल मामले की गहनता से जांच की जा रही है। - नवीन शर्मा, एसीपी (पश्चिम), गुरुग्राम।

# शटडाउन के बाद भी लाइन में दौड़ा करंट, लाइनमैन की मौत से हड़कंप, जेई निलंबित और एसएसओ बर्खास्त

शटडाउन के बावजूद हाईटेंशन लाइन में अचानक करंट आने से सुरजननगर बिजलीघर के लाइनमैन सर्वेश कुमार (38) की खंभे पर काम करते समय मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने बिजलीघर पर हंगामा

निलंबित और एसएसओ हरपाल बाद भी हाईटेंशन लाइन में करंट सर्वेश कुमार (38) की मौत हो गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने लोगों पर गंभीर आरोप जेई प्रेम प्रकाश पटेल को हरपाल को बर्खास्त कर दिया गई है। वहीं सर्वेश कुमार के बेटे खिलाफ तहरीर दी गई बिजली घर पर लाइनमैन थे। लाइन में कोई फाल्ट आ गया है। लाइन को ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़कर काम कर रहे थे, जिम्मेदारों की लापरवाही से शरीर बुरी तरह से झुलस गया। किया मामले में जेई प्रेम प्रकाश पटेल को को बर्खास्त कर दिया गया है। शटडाउन के दौड़ जाने से पोल पर काम कर रहे लाइनमैन गई। रविवार शाम को हुई इस घटना से बिजली घर पर हंगामा करते हुए विभागीय लगाए।बिजली अफसरों ने इस मामले में निलंबित कर दिया गया है जबकि एसएसओ गया है। पूरे मामले की जांच भी शुरू करा दी ने बिजलीघर के जेई और एसडीओ के है।भवानीपुर निवासी सर्वेश कुमार सुरजननगर दूल्हापुर मढ़ैया गांव से सूचना आई थी कि उन्होंने बिजली घर से शटडाउन लिया और चले गए। शाम को करीब 4:30 बजे वह तभी अचानक सप्लाई चालू हो गई। विभागीय हादसा- परिजन हाईवोल्टेज करंट से उनका आनन-फानन ठाकुरद्वारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कुछ ही देर में सूचना पाकर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए थे। परिजनों का आरोप है कि विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही से यह हादसा हुआ। उनका कहना है कि वह लोग बिजली घर पहुंचे तो वहां कोई जिम्मेदार तक मौजूद नहीं था। एसडीओ और जेई को कई बार फोन किया गया, लेकिन किसी ने फोन तक नहीं उठाया। इससे आक्रोशित लोगों ने बिजली घर पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ,जनप्रतिनिधि भी पहुंचे अस्पताल-घटना की सूचना मिलते ही सपा विधायक नवाब जान खां और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान समेत कई सियासी दलों के लोग अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर शोक जताया और अधिकारियों से फोन पर बात कर कड़ी नाराजगी जाहिर की। विधायक के अनुसार विभाग की ओर से नियमानुसार 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया गया है। लाइनमैन शटडाउन लेकर ही काम करने गए थे। इसके बाद भी सप्लाई चालू हो गई। इस मामले में जेई प्रेम प्रकाश पटेल को दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया गया है। एसएसओ हरपाल की सेवा समाप्त की जा रही है। दोनों ही मौके से गायब हैं। - गुलशन गोयल, अधीक्षण अभियंता, देहात- संविदा कर्मियों में आक्रोश, बोले चार माह में दूसरी घटना- इस घटना के बाद से पश्चिमांचल के संविदा कर्मियों में आक्रोश है। संगठन में पश्चिमांचल क्षेत्र के संयुक्त मंत्री राजकुमार शर्मा का कहना है कि चार माह में यह दूसरी घटना है। इससे पहले मुरादाबाद में रवि सैनी की इसी तरह मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार मुआवजे के लिए अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगाता रहा। वहीं ठाकुरद्वारा मामले में लाइनमैन सर्वेश की पत्नी नीतू कांबोज, पुत्र वंश और बेटी आयना का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने मृतक के बेटे को बिजली विभाग में स्थायी नौकरी और अतिरिक्त मुआवजे की मांग उठाई है। नेताओं ने भी इस मांग को आगे बढ़ाते हुए चीफ इंजीनियर से हस्तक्षेप की बात कही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद और संभल के डीएम बदले गए, राजेंद्र पैंसिया और अंकित खंडेलवाल को मिली जिम्मेदारी

शासन ने मुरादाबाद और संभल समेत अन्य जिलों के डीएम बदल दिए हैं। संभल के डीएम रहे राजेंद्र पैंसिया को मुरादाबाद की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा अंकित खंडेलवाल को संभल भेजा गया है।सरकार ने रविवार की देररात रात आठ जिलों के डीएम समेत 38 आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया। मुरादाबाद, संभल, देवरिया, जौनपुर, मऊ, महराजगंज, फिरोजाबाद और प्रतापगढ़ में नए जिलाधिकारी तैनात किए गए हैं। तकनीकी इस्तीफा देने वाले रिंकू सिंह राही के इस्तीफा वापस लिए जाने के बाद उन्हें जालौन का संयुक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है।मधुसूदन हुल्गी विशेष सचिव मुख्यमंत्री तथा अपर आवास आयुक्त आवास विकास परिषद से डीएम देवरिया, सैमुअल पाल एन प्रबंध निदेशक केस्को व अपर आयुक्त राज्य कर कानपुर प्रथम से डीएम जौनपुर, आनंद वर्धन उपाध्यक्ष गोरखपुर विकास प्राधिकरण से डीएम मऊ, गौरव सिंह सोगरवाल नगर आयुक्त गोरखपुर से डीएम महराजगंज, संतोष कुमार शर्मा डीएम महराजगंज से डीएम फिरोजाबाद, संभल के डीएम को मुरादाबाद का डीएम बनाया गया है।अंकित खंडेलवाल नगर आयुक्त आगरा से डीएम संभल, अभिषेक पांडेय अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद से डीएम प्रतापगढ़ बनाए गए हैं। शिव सहाय अवस्थी डीएम प्रतापगढ़ से मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, अनुज सिंह डीएम मुरादाबाद से विशेष सचिव मुख्यमंत्री, अभिनव गोयल मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद से उपाध्यक्ष गोरखपुर विकास प्राधिकरण बनाए गए हैं।

अजय जैन मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ से नगर आयुक्त गोरखपुर, डा. अल्का वर्मा निदेशक (प्रशासन) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं से विशेष सचिव वित्त तथा रजिस्ट्रार चिट्स एवं सोसायटी यूपी, निधि बंसल प्रतीक्षारत से निदेशक (प्रशासन) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं बनाई गई हैं। डा. दिनेश चंद्र डीएम जौनपुर से विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग, प्रवीण मिश्रा डीएम मऊ से विशेष सचिव समाज कल्याण तथा सचिव अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग, रमेश रंजन डीएम फिरोजाबाद से अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद बनाए गए हैं।

दिव्या मित्तल डीएम देवरिया से विशेष सचिव राजस्व विभाग, चंद्र शेखर प्रतीक्षारत से विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संस्थान विभाग, नेहा जैन विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रानिक तथा प्रबंध निदेशक यूपी डेस्को से प्रबंध निदेशक केस्को बनाई गई हैं। समीर विशेष सचिव वित्त तथा रजिस्ट्रार चिट्स एवं सोसायटी से विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रानिक तथा प्रबंध निदेशक यूपी डेस्को, सी इंदुमती विशेष सचिव चीनी उद्योग तथा गन्ना विकास विभाग एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक राज्य चीनी निगम से निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश तथा प्रबंध निदेशक महिला कल्याण निगम बनाई गई हैं।

वंदना वर्मा निदेशक महिला कल्याण तथा प्रबंध निदेशक महिला कल्याण निगम से विशेष सचिव चीनी उद्योग तथा गन्ना विकास एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक राज्य चीनी निगम, राजेंद्र सिंह द्वितीय विशेष सचिव समाज कल्याण विभाग तथा सचिव उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग से सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद प्रयागराज, प्रेम प्रकाश विशेष सचिव राजस्व विभाग से सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद प्रयागराज बनाए गए हैं। अंकुर कौशिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी उप्र राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण से उपाध्यक्ष कानपुर विकास प्राधिकरण, अवनीश सक्सेना सचिव उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक बनाए गए हैं। हरिकेष चौरसिया विशेष सचिव आयुष से सचिव उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, मदन सिंह गर्ब्याल उपाध्यक्ष कानपुर विकास प्राधिकरण से विशेष सचिव आयुष, सान्या छाबड़ा मुख्य विकास अधिकारी हरदोई से अपर आयुक्त राज्य कर कानपुर प्रथम, प्रफुल्ल कुमार शर्मा संयुक्त मजिस्ट्रेट रायबरेली से मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ बनाए गए हैं। नेहा ब्याडवाल संयुक्त मजिस्ट्रेट जालौन से मुख्य विकास अधिकारी हरदोई, आलोक प्रसाद संयुक्त मजिस्ट्रेट बहराइच से मुख्य विकास अधिकारी गाजीपुर बनाए गए हैं। कुमार सौरभ संयुक्त मजिस्ट्रेट जौनपुर से मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद, दयानंद प्रसाद अपर मेलाधिकारी माघ मेला प्रयागराज से मुख्य विकास अधिकारी गोंडा, जुहेर बिन सगीर विशेष सचिव सामान्य प्रशासन से विशेष सचिव एनआईआर विभाग बनाए गए हैं। रिंकू सिंह राही संबद्ध राजस्व परिषद से संयुक्त मजिस्ट्रेट जालौन बनाए गए हैं। तहसीलदार के आरोपों के बाद चर्चा में आए रमेश रंजन को फिरोजाबाद के डीएम पद से हटा दिया गया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# पुलिस लाइन में जागरूकता की मिसाल बना महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। पुलिस लाइन स्थित रवींद्रालय में महिलाओं के स्वास्थ्य को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल के तहत वामा सारथी के तत्वावधान में BOGS, IMA एवं Women Welfare Committee द्वारा आयोजित महिला स्वास्थ्य जागरूकता एवं कल्याण कार्यक्रम रविवार को गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच के महत्व को समझाना तथा विभिन्न स्त्री रोगों से जुड़ी अहम जानकारी देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीजी रमित शर्मा रहे । जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा एवं आईपीएस सोनाली मिश्रा भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में चिकित्सा जगत के कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने सहभागिता की, जिनमें डॉ. लतिका अग्रवाल (अध्यक्ष, BOGS), डॉ. अतुल श्रीवास्तव (अध्यक्ष, IMA), डॉ. अनीता नाथ (सचिव, BOGS) एवं डॉ. अंशु अग्रवाल (सचिव, IMA) प्रमुख रहे । आयोजित शैक्षणिक सत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इनमें सर्वाइकल कैंसर जागरूकता एवं ॥क्क्ष्ठ वैक्सीनेशन, योनि स्राव की समस्या, मासिक धर्म की अनियमितताएं तथा एनीमिया जैसे विषय शामिल रहे। महिलाओं ने इन सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।कार्यक्रम के अंतर्गत लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में LBC स्क्रीनिंग के जरिए 35-45 वर्ष की महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर जांच की गई। साथ ही CBC टेस्ट द्वारा एनीमिया एवं ब्लड शुगर जांच भी की गई। महिलाओं के CBC टेस्ट के साथ साथ सौ से अधिक लोगों की ब्लड शुगर जांच कराई गई । IMA अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की मजबूती की आधारशिला है। ऐसे कार्यक्रम न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं बल्कि समय पर जांच और उपचार के लिए प्रेरित भी करते हैं । कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. अनुजा सिंह (कोषाध्यक्ष), डॉ. दरख्शान अब्बास (क्लीनिकल सेक्रेटरी), डॉ. रुचि श्रीवास्तव एवं डॉ. आशु सक्सेना (मास्टर ऑफ सेरेमनी) सहित पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# बरेली चौपला स्थित अंडरपास की मांग को लेकर डीआरएम को सौंपा ज्ञापन , संघर्ष तेज

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सिटी स्टेशन रोड सी एल हैरिटेज होटल में आज सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सुभाषनगर, मढीनाथ, नेकपुर और बदायूं रोड के निवासियों के साथ पार्षद राजेश अग्रवाल ने चौपला फ्लाईओवर पर लगने वाले जाम और जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से रोजाना हजारों स्थानीय लोग और अन्य जिलों के राहगीर गुजरते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। फ्लाईओवर की मरम्मत के नाम पर 45 दिनों तक इसे बंद किए जाने से जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पार्षद राजेश अग्रवाल ने कहा कि चौपला-बदायूं रोड फ्लाईओवर के नीचे रेलवे अंडरपास का निर्माण ही इस समस्या का स्थायी समाधान है। इससे जाम और दुर्घटनाओं से राहत मिलेगी और एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। चौपला बदायूं रोड संघर्ष समिति में घोषणा करते हुए कहा कि जब तक अंडरपास का निर्माण नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। डेढ़ लाख से अधिक आबादी को मिलेगा सीधा लाभ सुभाष नगर, नेकपुर, मढीनाथ, बदायूं रोड, रेलवे स्टेशन, बिहारीपुर और सिविल लाइंस की बेहतर कनेक्टिविटी फ्लाईओवर के घुमावदार रास्ते से मुक्ति कांवड़ यात्रियों को जाम और दुर्घटनाओं से राहत सुभाष नगर पुलिया बंद होने पर वैकल्पिक सुविधा प्रेस वार्ता के बाद पार्षद राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में संघर्ष समिति के सदस्य बसों और कारों से तख्तियां लेकर डीआरएम कार्यालय, इज्जतनगर पहुंचे। पुलिस द्वारा रोकने के प्रयास के बावजूद नारेबाजी जारी रही। इसके बाद डीआरएम वीना सिन्हा स्वयं बाहर आईं और ज्ञापन प्राप्त किया। डीआरएम ने आश्वासन दिया कि अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव संबंधित अधिकारियों और मंत्रालय को जल्द भेजा जाएगा, ताकि जनहित में उचित निर्णय लिया जा सके। प्रमुख रूप से मौजूद रहे मंजू शर्मा, किरन तोमर, विमला, प्रेम सिंह, सुरजीत सिंह छाबड़ा, सुमित जायसवाल, शोभित सिंह, पंकज कश्यप, छोटेलाल शर्मा, संजीव चौहान, महेश बाबू, अमर, हरीश, एम.के. गोयल, सुशील, सोनू कश्यप, मिथुन, सागर, छेदा लाल, अतुल भारती, सचिन शर्मा सहित काफी संख्या मे उपस्थित रहे।

# फसल बीमा योजना के तहत 10 किसानों को मिला मुआवजा

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार /पीलीभीत- पीलीभीत, 04 मई। गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट पीलीभीत में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 10 किसानों को फसल क्षति के क्लेम के चेक वितरित किए। इस दौरान राम रतन को 68,115, रामलाल को 71,450, गंगा देवी को 38,906, राम श्री को 1,31,621, बाबूराम को 33,348, लालाराम को 55,691, गुरप्रीत सिंह को 60,114, राजपाल सिंह संधू को ?44,525, राधेश्याम को 71,599 तथा कढ़ेर को ?42,182 की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई। बताया गया कि यह राशि इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी गई है। र्यक्रम में डी.डी. एग्रीकल्चर राम मिलन सिंह परिहार, जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल, उपसम्भागीय अधिकारी कौशल किशोर तथा बीमा कंपनी के जिला समन्वयक महेन्द्र भारती सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वर्षा से पहले ड्रेनों की सफाई पूरी करें: डीएम ने दिए सख्त निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नहरों, रजवाहों और ड्रेनों की सिल्ट सफाई एवं कार्य योजना के अनुमोदन को लेकर गठित समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता रोहिलखंड नहर को स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु से पहले ड्रेनों की सिल्ट सफाई से जुड़े सभी अधूरे कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने जनपद की सभी नदियों के जलस्तर की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिए, ताकि संभावित जलभराव या बाढ़ जैसी स्थितियों से समय रहते निपटा जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में तालाबों की खुदाई का कार्य मनरेगा योजना के अंतर्गत ही कराया जाए। साथ ही, बरेली में बने अमृत सरोवरों को प्राथमिकता के आधार पर भरवाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अधिशासी अभियंता रोहिलखंड नहर सर्वेश चंद्र सिन्हा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# औचक निरीक्षण में खुली लापरवाही की परतें: वृद्धाश्रम और बालिका विद्यालय की बदहाल व्यवस्था पर फूटा गुस्सा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पांडे ने सोमवार को लाल फाटक स्थित वृद्धा आश्रम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां रह रहे वृद्धजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। निरीक्षण में कई गंभीर खामियां सामने आईं। कई वृद्धजन ऐसे पाए गए जिन्हें अब तक पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। आश्रम के कमरे छोटे होने के बावजूद वहां रहने वाले लोगों की संख्या अधिक है, जिससे असुविधा की स्थिति बनी हुई है। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि वृद्धजनों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए किसी डॉक्टर की व्यवस्था नहीं है। हालांकि, खान-पान की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इन कमियों को लेकर माननीय सदस्या ने कड़ा रोष व्यक्त किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं में जल्द से जल्द सुधार सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद श्रीमती पुष्पा पांडे ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, क्यारा का भी औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना। निरीक्षण में यह सामने आया कि पिछले दो वर्षों से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय का कोई निरीक्षण नहीं किया गया है। विद्यालय में सुरक्षा के लिए कोई गार्ड तैनात नहीं है, जिससे छात्राओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। परिसर में अत्यधिक बढ़ी हुई झाड़ियों के कारण कीड़े-मकोड़ों और मच्छरों का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा विद्यालय में संसाधनों की भारी कमी देखने को मिली। कक्षा 8 तक की छात्राओं के लिए केवल चार कंप्यूटर उपलब्ध हैं, वहीं छात्राओं की संख्या के मुकाबले बैड भी कम हैं। स्वास्थ्य जांच के लिए कोई डॉक्टर नामित नहीं है और बिजली की समस्या भी बनी रहती है। इन सभी खामियों को लेकर माननीय सदस्या ने गहरी नाराजगी जताई और संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाए, ताकि वृद्धजनों और छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# 09 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत, अधिक से अधिक वाद निस्तारण का लक्ष्य

